# चीनी उत्पादन 26 प्रतिशत गिरा

देश की चीनी मिलों ने 1 अक्टूबर से 15 जनवरी के बीच पिछले साल के मुकाबले 26 प्रतिशत कम उत्पादन किया है। सूखे की मार झेल चुके महाराष्ट्र में कम उत्पादन के कारण उत्पादन में गिरावट आई है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस्मा ने एक रिपोर्ट में कहा कि महाराष्ट्र में मिलों ने 25.5 लाख टन चीनी उत्पादन किया है, जो पिछले साल की इसी अवधि के 57 लाख टन उत्पादन की तुलना में कम है। वर्ष 2019-20 में देश का चीनी उत्पादन 20 प्रतिशत गिरकर 2.63 करोड़ टन रह सकता है। यह तीन साल का निचला स्तर है। वर्ष 2018 में सूखे की वजह से किसानों को गन्ना बुआई में कमी करने के लिए मजबूर होना पड़ा था और वर्ष 2019 में प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में बाढ़ से फसल को नुकसान पहुंचा था। *रॉयटर्स*

Business Standard
18/1/2020